समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# WTC फाइनल 2025: विजेता को मिलेगी 30.79 करोड़ की बंपर प्राइज मनी, जाने टीम इंडिया को कितनी होगी कमाई।

Publisher
Published on 09 Jun 2025




## ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से लॉर्ड्स मे होंगा WTC फाइनल मुकाबला, तीसरे स्थान पर रही भारतीय टीम को भी मिलेगी मोटी रकम।

**नई दिल्ली : वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2023-25** का **फाइनल मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका** के बीच ऐतिहासिक **लॉर्ड्स के मैदान मे 11 जून 2025** से शुरू होगा। इस बार फाइनल मुकाबले को लेकर न सिर्फ रोमांच चरम पर है, बल्कि **इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC)** ने विजेता टीम के लिए बंपर प्राइज मनी का ऐलान भी कर दिया है।

इस टूर्नामेंट का कुल प्राइज पूल पिछली बार से दोगुना रखा गया है, जिससे हर टीम को बड़ी रकम मिलने वाली है। इस बीच, फैंस के मन में एक सवाल है कि क्या इस बार भी टीम इंडिया पर पैसे की बारिश होगी या नहीं। आइए जानते हैं पूरी डिटेल।

**विजेता टीम को मिलेगी कितनी प्राइज मनी ?**
**ICC के अनुसार, WTC 2023-25** के विजेता को **कुल 30.79 करोड़ रुपये** (लगभग $3.8 मिलियन) की ईनामी राशि मिलेगी। यह रकम पिछली **WTC** साइकिल से लगभग दोगुनी है।

आपको याद दिला दें कि **2023 के फाइनल** में **ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रन** से हराकर **13.2 करोड़ रुपये** की ईनामी राशि जीती थी। इस बार न सिर्फ **चैंपियन टीम** को बंपर रकम मिलेगी बल्कि **फाइनल** में हारने वाली टीम को भी **18.47 करोड़ रुपये**

की प्राइज मनी मिलेगी।

**क्या टीम इंडिया पर भी होगी पैसे की बारिश?**

टीम इंडिया ने **WTC 2021 और WTC 2023,** दोनों के फाइनल मुकाबले खेले हैं। हालांकि दोनों बार उसे हार का सामना करना पड़ा था— **2021 मे न्यूजीलैंड** से और **2023 मे ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ।

इस बार भारत **WTC पॉइंट्स टेबल** में तीसरे स्थान पर रहा है। ऐसे में **टीम इंडिया** को भी 12.32 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिलने वाली है।

अन्य टीमों को कितनी मिलेगी रकम?

१. **चौथे स्थान पर रही न्यूजीलैंड टीम को भी अच्छी-खासी रकम मिलेगी**।

२. **पांचवे स्थान पर रही इंग्लैंड टीम को भी लाखों रुपये मिलेगें**।

३. **यहां तक कि नौवे और आखिरी स्थान पर रहने वाली पाकिस्तान टीम को भी 4.1 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिलेगी**।

**WTC 2025: अब तक का सफर**

**वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप** की शुरुआत के बाद से यह लीग **टेस्ट क्रिकेट** को नया आयाम दे रही है। हर सत्र में टेस्ट मैचों का रोमांच बढ़ता जा रहा है और खिलाड़ियों को रैंकिंग और रिवार्ड दोनों के जरिए अतिरिक्त मोटिवेशन भी मिल रहा है।

इस बार फाइनल में ऑस्ट्रेलिया एक बार फिर गत विजेता के रूप में उतरेगी, जबकि **दक्षिण अफ्रीका** पहली बार **फाइनल** खेलने जा रही है। अब देखना यह होगा कि इस बार 30.79 करोड़ रुपये की बंपर प्राइज मनी किस टीम के खाते में जाती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.